### पीड़ितों को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता: जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़

# प्रार्थी को न्याय दिलाने पुलिस और प्रशासन पहुंचा प्रार्थी के द्वार पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी प्रत्येक कार्यदिवस में जनता दर्शन में पीड़ितों/ प्रार्थियों की समस्याओं को सुनते हैं और त्वरित कार्यवाही के आदेश देकर उनकी शिकायतों का निस्तारण भी करवाते है, जिसके चलते जनता में शासन-प्रशासन की छवि में निरंतर सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। पीड़ितों की समस्या छोटी हो या बड़ी, नई हो या पुरानी या चाहे किसी भी विभाग से सम्बंधित हो वो एक बार डीएम साहब को अपनी समस्या के निराकरण के सम्बंध में अवगत कराने अवश्य आ रहें है यह उन लोगों का डीएम साहब की कार्यशैली को देखते हुए उन पर बना विश्वास है। पीड़िता से गीली आंखों से बयां किया अपना दर्द, कहा साहब अब आप पर ही आस है।



इसी क्रम में जनता दर्शन में प्रार्थिनी चंचल पत्नी स्व० नरेन्द्र बाबू निवासिनी निवासी बी 26 सैक्टर-11 विजयनगर द्वारा जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ से मिलकर शिकायत की थी कि ताज मोहम्मद पुत्र नूर मोहम्मद व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी से प्रार्थिनी के मकान पर कब्जा कर मोमीन पुत्र मोहम्मद यासीन निवासी प्रताप विहार को कब्जा दे दिया। प्रार्थिनी ने मात्र 1,50,000/- रू० ताज मोहम्मद से उधार लिया था और उसके बदले ताज मोहम्मद ने प्रार्थिनी के मकान के मूल दस्तावेज अपने गिरवी रख लिये। प्रार्थिनी द्वारा लिये गये रू0 1,50,000/- को ताज मोहम्मद द्वारा ब्याज को बढ़ा चढ़ाकर रूपये 7 लाख बताया और प्रार्थिनी के मकान पर कब्जा कर लिया और कुछ समय बाद उक्त मकान पर मो. मिन को कब्जा दे दिया है।

इस प्रकरण में कई बार सम्बंधित पुलिस अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है किन्तु कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। अब जिलाधिकारी आपसे ही आशा है। हमने सुना है कि आप बेसहारों, जरूरतमंद और पीड़ितों की सहायता करते हैं मेरी भी सहायता करें। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने दिये त्वरित जांच व कार्यवाही के आदेश प्रकरण के संज्ञान में आते ही जिलाधिकारी द्वारा तत्काल ही उपजिलाधिकारी सदर एवं सम्बंधित पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में टीम गठित करते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ जांच कर कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। जिसके क्रम में टीम ने मौके पर जा कर प्रकरण का संज्ञान लिया जिसमें पाया गया कि प्रार्थिनी की शिकायत सही है।

उपजिलाधिकारी सदर अरूण दीक्षित ने जांच रिर्पोट में बताया कि प्रार्थिकी की शिकायत सही है और ताज मोहम्मद जनपद गाजियाबाद में ही भूमि कब्जा से सम्बंधित प्रकरण में जेल भी गया है। जिलाधिकारी ने दिए आदेश, पीड़ितों का करें पूर्ण सहयोग, भूमि माफियाओं पर करे सख्त कार्रवाई। जिलाधिकारी द्वारा 01 जून 2026 को मौके पर पहुंचकर पीड़िता चंचल को मौके पर उनके मकान पर कब्जा दिलाया गया। इसके साथ ही ऐसा भूख्र माफियों एवं अवैध कब्जाधारियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएं साथ ही सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेजा जाएं। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन के बड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

## टीएनएम क्रिकेट अकादमी की शानदार जीत जेएनवाईसीए को सात विकेट से हराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एचएलएम लीग ऑफ इमर्जिंग प्लेयर्स के एक रोमांचक मुकाबले में टीएनएम क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जवाहरलाल नेहरू नेशनल यूथ सेंटर अकादमी को 7 विकेट से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जेएनवाईसीए की टीम 27.3 ओवरों में 156 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीएनएम के गेंदबाजों ने अनुशासित गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए विपक्षी बल्लेबाजों को बड़े स्कोर तक पहुंचने का मौका नहीं दिया। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीएनएम क्रिकेट अकादमी ने आत्मविश्वास भरी बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया।

टीम की जीत के सूत्रधार रहे विकाश चौहान, जिन्होंने मात्र 54 गेंदों में 74 रनों की शानदार पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 10 चौके और 2 छक्के लगाए तथा टीम को जीत की मजबूत स्थिति में पहुंचाया। टीएनएम ने लक्ष्य को 19.5 ओवरों में 3 विकेट खोकर 161 रन बनाते हुए हासिल कर लिया और मुकाबला 7 विकेट से अपने नाम कर लिया। अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए विकाश चौहान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

प्लेयर ऑफ द मैच: विकाश चौहान ख्र 74 रन (54 गेंद), 10 चौके, 2 छक्के टीएनएम क्रिकेट अकादमी की यह जीत टीम के बेहतरीन सामूहिक प्रदर्शन का प्रमाण है और टूर्नामेंट में उनकी मजबूत दावेदारी को दर्शाती है।

## स्व.सूर्या चौहान के परिवार को प्राप्त हुआ पांच लाख रुपये का चैक

**पात्र व्यक्तियों को सहयोग, सरकारी भूमि की सुरक्षा पर प्रशासन का विशेष जोर: उपजिलाधिकारी अरूण दीक्षित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शासनादेश के क्रम में जनपद प्रशासन द्वारा एक ओर जहां पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, वहीं दूसरी ओर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है।



इसी क्रम में मुख्यमंत्री विवे. काधीन कोष से खोड़ा कॉलोनी निवासी सरोज पत्नी कौशलेन्द्र सिंह चौहान को उनके पुत्र स्वर्गीय सूर्या चौहान के दिनांक 28 मई 2026 को हुए निधन के उपरांत परिवार के भरण-पोषण हेतु रूपये 5,00,000 (पांच लाख रुपये) की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। उक्त सहायता जिलाधिकारी गाजियाबाद की संस्तुति पर प्रदान की गई है। स्वीकृत धनराशि का चेक उपजिलाधिकारी सदर अरुण दीक्षित द्वारा लाभार्थी को प्रदान किया गया। प्रशासन ने आशा व्यक्त की है कि यह आर्थिक सहायता परिवार को कठिन परिस्थितियों में संबल प्रदान करेगी।

वहीं दूसरी ओर, राजस्व अभिलेखों में दर्ज ग्राम खोड़ा, परगना लोनी, तहसील एवं जनपद गाजियाबाद स्थित खसरा संख्या-70 की सरकारी बंजर भूमि (श्रेणी 5-3-क) में श्री नवाब द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया। इसके उपरांत उपजिलाधिकारी सदर द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा 136 के अंतर्गत संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी/चस्पा करते हुए निर्देशित किया गया है कि नोटिस प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर अवैध कब्जा स्वयं हटा लिया जाए अन्यथा नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए कब्जा प्रशासन द्वारा हटाया जाएगा तथा उससे संबंधित व्यय की वसूली भी नियमानुसार की जाएगी।

जनपद प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र व्यक्तियों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी तथा सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए अभियान निरंतर जारी रहेगा। कानून व्यवस्था एवं राजस्व नियमों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## दवा एजेंसी से दवाई की पेटी लेकर चोर फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गुरुद्वारा रोड पर इंदिरा मार्केट स्थित रोहित मेडिकल एजेंसी के मालिक ललित कंसल की दुकान के बाहर रखी दवा की पेटी एक अनजान व्यक्ति चुरा ले गया,जिसकी फोटो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है,ललित कंसल ने बताया कि पेटी में लगभग 82 हजार की दवाइयां थीं,जोकि अभी ट्रांसपोर्ट से आई थी इसलिए दुकान के बाहर रखी हुई थी। उन्होंने पुलिस में शिकायत दी है,पुलिस ने उनकी शिकायत पर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### गन्ना किसानों को बड़ी राहत

## केंद्र सरकार ने वापस लिया गन्ना नियन्त्रण आदेश 2026 का मसौदा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय वीर सिंह एडवोकेट ने कहा कि गन्ना नियन्त्रण आदेश 2026 को केंद्र सरकार द्वारा वापस लिया जाना एक स्वागत योग्य कदम है । रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय कोशल विकास एवं उधमशिलता मंत्री चौधरी जयंत सिंह के निरंतर प्रयासों से और किसानों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है कि केंद्र सरकार ने गन्ना किसानों व खांडसारी उधोग के हित में इस गन्ना नियन्त्रण आदेश 2026 के मसौदे को वापिस लेने का निर्णय लिया। किसानों, गुड़ व खांडसारी उधोग से जुड़े लोगों की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार की ओर से लिया गया यह निर्णय स्वागत योग्य कदम है । उन्होंने कहा कि यह किसानों की भावनाओं का सम्मान है क्योंकि किसानों व गुड़ तथा खांडसारी उधोग से प्राप्त सुझावों व आपत्तियों पर विचार कर केंद्र सरकार ने इस गन्ना नियन्त्रण आदेश पर पुनर्विचार करने का निर्णय लिया है, इससे गन्ना किसानों की आर्थिक स्थिति में सकारात्मक लाभ मिलेगा। रालोद केंद्र सरकार में भागीदारी करते हुए किसानों के हितों में फैसले कराने के लिए प्रतिबद्ध है। गन्ना नियन्त्रण आदेश का पुनर्विचार के लिए वापिस होना रालोद का सरकार में सक्रियता का ही एक परिणाम है।

## डासना चेयरमैन के खिलाफ सैकड़ो महिलाओं का विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**हिन्दू कालोनियों की जा रही है अनदेखी सालों से नही किया गया कोई भी विकास कार्य, जल भराव व अन्य समस्याओं से हिन्दू कालोनी त्रस्त**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** डासना वार्ड नंबर 7 की सभासद शशि चौहान नें कॉलोनी निवासियों के साथ जिलाधिकारी को डासना नगर पंचायत की चेयरमैन व चेयरमैन पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौपा और अवगत कराया कि हमारी नगर पंचायत डासना में लगभग 85 प्रतिशत आबादी मुस्लिम की है, और हिन्दू आबादी मात्र 15 प्रतिशत है।

जिसमें की अधिकतम हिन्दू आबादी मुख्य कस्बे से बाहर की कॉलोनियों में रहती है। नगर पंचायत डासना की चेयरमैन (बागे जहां) जो अपने घर से ही काम करती हैं। मुख्य रूप से उनके पति मुजाहिद हुसैन उर्फ बाबू टाउन कार्यालय में आकर पत्नी के चेयरमैन होने का दबाव बनाकर तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। इस कारण से हिन्दू बहुल कॉलोनियों में विकास का कार्य नहीं होने दे रहे हैं।

पहले भी इन पर इस तरह के आरोप लगते रहे हैं। इस कारण से हमारे कॉलोनियों की बेहद दुर्दशा हो गयी है और जलभराव की स्थिति बहुत ज्यादा हो गयी है। जिसके कारण लोगों को व स्कूल से आने वाले छोटे बच्चों को अपने घर से बाहर निकले व घर पहुंचने में गंभीर बाधा हो रही है। इसके अलावा जल प्रदूषण के चलते गंभीर बीमारियां फैलने की भी आशंका बनी हुई है। इस रास्ते के नहीं बनने के कारण आने-जाने में लोगों को बहुत ही मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। टाउनहॉल कार्यालय में पहुंचने हैं तो चेयरमैन की जगह उनके पति (मुजाहिद हुसैन) ही मिलते हैं। उनके सामने भी लोगों ने ई बार जल निकासी और रास्ते का प्रस्ताव रखा, लेकिन इस मामले में वह कोई सुनवाई करने के लिए राजी नहीं है।

## ग्लोबल स्कूल में हुआ समर कैंप का भव्य समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉ. के. एन. मोदी ग्लोबल स्कूल समूह की विभिन्न शाखाओं में आयोजित समर कैंप्स का भव्य समापन उत्साह, उमंग और रचनात्मक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं केक कटिंग के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। इस अवसर पर मोदी फाउंडेशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. दीपांकर शर्मा, मोदी फाउंडेशन की चीफ एडवाइजर श्रीमती रीता बक्शी, श्रीमती आशा मलिक, गिन्नी देवी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. पूनम शर्मा, बी.एड. कॉलेज की प्राचार्या मिस एकता भारद्वाज, प्रिटी पेंगुइन शाखा की एच.एम. मिस प्रेरणा वर्मा तथा



टेक्सटाइल शाखा की एच.एम. मिस सपना खुराना की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने प्रतिभागियों के उत्साह, रचनात्मकता एवं सीखने की ललक की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समर कैंप के दौरान माताओं एवं विद्यार्थियों के लिए अनेक रोचक, ज्ञानवर्धक एवं कौशल आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया।

माताओं ने कैनवास पेंटिंग, कुकरी, बेकरी, स्विमिंग, नृत्य एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का परिचय दिया। वहीं विद्यार्थियों ने पूल पार्टी, कैमल राइडिंग, मैजिक शो, शैक्षणिक भ्रमण, पॉट मेकिंग तथा विभिन्न खेलकूद एवं मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। समापन समारोह में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक गतिविधियों, ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुतियों एवं मनमोहक रैंप वॉक ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय की प्राचार्या मिस पूजा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ- साथ विद्यालय की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक समृद्धि को भी नई दिशा प्रदान करते हैं।

## दशमेश दरबार में कीर्तन विचार सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रताप विहार गुरुद्वारा दशमेश दरबार में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार होने वाले कीर्तन समागम में गुरमत विचार एवं कीर्तन अमृतसर से आए ज्ञानी अमनदीप सिंह द्वारा सम्पन्न कराया। प्रबंधक कमेटी के मुख्य सेवादार सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी, प्रधान स हरजीत सिंह महासचिव सरदार सुक्विंदर सिंह व के दयाल सिंह जग्गी ने अमृतसर से आए ज्ञानी को स्मृति चिन्ह व सिरोपा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी, सरदार जुझार सिंह, रामबीर सिंह,संदीप सिंह, चरणजीत सिंह, कुलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अधीक्षक धर्म सिंह नेगी के रिटायरमेंट पर विदाई समारोह का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति जनजाति छात्रावास नंदग्राम के अधीक्षक धर्म सिंह नेगी के रिटायरमेंट पर छात्रावास के बच्चों ने विदाई समारोह का कार्यक्रम रखा छात्रावास के बच्चों ने अधीक्षक का ढोल बाजे के साथ पगड़ी बांधकर शाल उड़ाकर भगवान बुद्ध की मूर्ति देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्रावास के पूर्व छात्र एडवोकेट दिनेश कुमार वर्मा व एडवोकेट भगत सिंह एडवोकेट उम्मेद सिंह एडवोकेट आदित्य सागर राजव. ीर दिल्ली पुलिस कुलदीप मनीष अभिषेक पिंटू ओपन सिद्धांत गिरीश राजा सचिन दीपांशु विपिन व छात्रावास के समस्त छात्र उपस्थित रहे।

## वेव सिटी में किया गया पेट्रोल पंप शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वेव सिटी क्षेत्र में एक नया पेट्रोल पंप शुरू हो गया है। पेट्रोल पंप के मालिक ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इस मौके पर स्थानीय लोगों और गणमान्य व्यक्तियों की भारी भीड़ उमड़ी। पेट्रोल पंप के मालिक ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र की बढ़ती आबादी और जरूरत को देखते हुए यह पंप शुरू किया गया है। उन्होंने बेहतर सेवा, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण ईंधन तथा ग्राहकों की संतुष्टि को प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया। वेव सिटी (सेक्टर-5, NH-24 के आसपास) पहले से ही तेजी से विकसित हो रहा आवासीय इलाका है। नए पेट्रोल पंप के शुरू होने से स्थानीय निवासियों को ईंधन की आसान उपलब्धता मिल सकेगी और उन्हें दूर-दूर तक नहीं जाना पड़ेगा। वेव सिटी कंपनी के सीओ सी जे सिंह के द्वारा किया गया कंपनी के सीओ के द्वारा बताया गया। वेव सिटी एक हाइटेक सिटी है जिसमें हम अपने ग्राहकों को हर सुविधा माहिया करा रहे हैं। हमने वेव सिटी में एक पेट्रोल पंप का शुभारंभ किया है जिससे वेव सिटी में रह रहे निवासियों को कोई भी सुविधा न हो इसीलिए इस पेट्रोल पंप हमने शुभारंभ किया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वेव सिटी कंपनी के सीओ सी जे सिंह , वेव सिटी असिस्टेंट प्रेसिडेंट रंजीत सिंह रंधावा, जनरल मैनेजर निर्मल सिंह, भूपेंद्र चौहान, जनरल मैनेजर दीपक पाठक आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भगवान गंज मंडी वासियों ने ब्लिंकिट के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**कर्मचारियों पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** शहर के मध्य में स्थित भगवान गंज मंडी के निवासियों ने मंडी के रिहायशी क्षेत्र में लगभग छह माह पूर्व खुली ऑनलाइन सामान डिलीवरी सेवा कंपनी ब्लिंकिट के कर्मचारियों पर स्थानीय कॉलोनीवासियों से दुर्व्यवहार करने महिलाओं के साथ अभद्रता व शराब पीकर कॉलोनी में तेज रफ्तार में बाइक चलाने का आरोप लगाते हुए मंडी के चौराहे पर प्रदर्शन व नारेबाजी की व शाम 7 बजे के बाद ब्लिंकिट को बंद करने की मांग की!



भगवान गंज मंडी वासियों ने कहा कि ब्लिंकिट से उन्हें कोई आपत्ति नही है लेकिन इसके अनेक कर्मचारी शाम के बाद शराब पीकर तेज रफ्तार बाइक चलाते हैं जिससे कई बार गंभीर दुर्घटना होने से बची है साथ ही कॉलोनी की महिलाओं से भी कई बार अभद्रता कर चुके हैं ,इसके अलावा रात को 9 बजे के बाद बाहरी असामाजिक तत्व भी ब्लिंकिट कर्मचारियों के साथ कॉलोनी में घूमते रहते हैं व कॉलोनीवासियों के टोकने पर भुगतने की धमकी देते हैं ऐसा कई बार हो चुका है।

भगवान गंज मंडी आर0डब्लू0ए के पदाधिकारियों ने बताया कि अब से पहले भी उनकी संस्था इन समस्याओं की शिकायत प्रशासन से कर चुकी है लेकिन आज तक भी कोई कार्यवाही उनकी शिकायत पर नही हुई है इसलिए आज मजबूरीवश उन्हें यह धरना प्रदर्शन कर विरोध जताना पड़ रहा है व हमारी शिकायत पर कार्यवाही होने व शाम 7 बजे के बाद ब्लिंकिट की सेवाएं बंद होने तक यह जारी रहेगा , उन्होंने यह भी कहा कि शीघ्र ही कॉलोनी की महिलाएं भी इस धरना प्रदर्शन में शामिल होंगी।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वैसे तो भगवान गंज मंडी एक व्यापारिक मंडी है लेकिन जिस जगह पर ब्लिंकिट का गोदाम खुला है वह रिहायशी गली है उसके आमने सामने व चारो ओर रिहायशी मकान बने हुए हैं,ब्लिंकिट की सेवाएं देर रात तक चलने व दर्जनों कर्मचारियों के सुबह 6 बजे से लेकर रात 2 बजे तक डिलीवरी करने के चलते इन आसपास के घरों में रहने वालो को बहुत ज्यादा असुविधा हो गई है क्युकी उनके घरों के बाहर हर वक्त बाइक लिए ब्लिंकिट कर्मचारी घूमते रहते हैं जिसकी वजह से इन घरों में रहने वाले लोगों विशेषकर महिलाओं एवं लड़कियों का बाहर निकलना भी दूभर हो गया है।

अत: भगवान गंज मंडी वासियों की मांग है कि उनकी कॉलोनी की सुरक्षा पर ध्यान दिया जाए व शाम को 7 बजे के बाद ब्लिंकिट की सेवाएं बंद की जाए ताकि आमजनता को असुविधा न हो।

# स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर परिसर में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आईटीओ इलाके में स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर की इमारत में आग लगने की घटना सामने आई है। विकास मार्ग पर स्थित इमारत की दूसरी मंजिल पर अचानक आग की लपटें उठने लगीं, जिससे हड़कंप मच गया।

आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग को तुरंत सूचित किया गया और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। आग की भीषणता को देखते हुए दिल्ली फायर सर्विस की कई गाड़ियां तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना कर दी गईं। अग्निशमनकर्मी आग पर काबू पाने और किसी भी अनहोनी को रो. कने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किए। आग को काबू कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

इससे पहले बताया जा रहा था कि आग शिक्षा मंत्रालय के दफ्तर में लगी है। लेकिन बाद में इसे लेकर मंत्रालय की ओर से स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

शिक्षा मंत्रालय ने कहा, श्यह यह स्पष्ट किया जाता है कि शिक्षा मंत्रालय कर्तव्य भवन-2, डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली में स्थित है। जबकि आग लगने की घटना स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) के परिसर में हुई, जो आईटीओ, नई दिल्ली में स्थित है।श मंत्रालय ने कहा, श्आग लगने की घटना के संबंध में किसी भी प्रकार की गलत सूचना के प्रसार को रोकने के लिए यह स्पष्टीकरण जारी किया जा रहा है। इसके अलावा, आग मामूली थी और उस पर जल्द ही काबू पा लिया गया। किसी भी तरह की जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है।

दमकल विभाग के मुताबिक सुबह लगभग 10 बजे दिल्ली के आईटीओ के पास स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) में आग लगने की घटना के संबंध में सूचना मिली। इस पर तुरंत कदम उठाते हुए मौके पर दमकल की करीब आठ गाड़ियों को भेजा गया। आग पर काबू पा लिया गया है।

## जीटीबी अस्पताल से बच्चे को लेकर गायब हुई महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जीटीबी अस्पताल से सात माह का बच्चा लापता होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस लापता बच्चे और उसे अपने साथ ले जाने वाली महिला की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार, पीसीआर कॉल के माध्यम से सात माह के बच्चे के चोरी होने की सूचना मिली थी। जांच में पता चला कि शिकायतकर्ता नाजरीन, निवासी सीलमपुर, की एक अज्ञात महिला से दोस्ती हो गई थी। यह महिला पिछले एक सप्ताह से नियमित रूप से नाजरीन से मिल रही थी। रविवार को नाजरीन और वह महिला जीटीबी अस्पताल पहुंचे थे। मेडिकल पर्ची बनवाने के लिए नाजरीन ने अपने सात माह के बेटे को महिला के पास छोड़ दिया और अस्पताल के अंदर चली गई। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटी तो महिला और उसका बेटा दोनों वहां से गायब थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। अस्पताल और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि बच्चे और महिला की तलाश के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# इस साल के अंत तक शुरू होंगे मेट्रो के 3 नए कॉरिडोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इस वर्ष दिसंबर तक मेट्रो के तीन और कॉरिडोर शुरू होने की उम्मीद है। इसमें मजेंटा लाइन का जनकपुरी पश्चिम- आरके आश्रम मार्ग विस्तार के दो हिस्से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन से दीपाली चौक और मजलिस पार्क से आरके आश्रम मार्ग के साथ ही गोल्डन लाइन के एरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर शामिल है। इनके शुरू होने से मेट्रो के नेटवर्क में लगभग 36 किलोमीटर की वृद्धि होगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 7 मार्च, 2019 को मेट्रो के चौथे चरण अंतर्गत मजलिस पार्क-मौजपुर (पिंक लाइन), जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मार्ग (मजेंटा) और एरोसिटी-तुगलकाबाद (गोल्डन) लाइन को स्वीकृति दी थी। उसके बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 13 मार्च, 2024 को इसी चरण के अंतर्ग चौथे चरण के अंतर्गत दो और नए कॉरिडोर लाजपत नगर-साकेत जी-ब्लाक (गोल्डन लाइन) और इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ (पहले ग्रीन लाइन अब इसे मजेंटा लाइन में शामिल किया गया है) को स्वीकृति प्रदान की थी।

केंद्र से स्वीकृति मिलने के बाद पूर्व की दिल्ली सरकार द्वारा मेट्रो के चौथे चरण के काम को स्वीकृति देने में विलंब व कोरोना महामारी के कारण समय पर काम शुरू नहीं हो सका था। अब इसके निर्माण कार्य में तेजी आई है। मजेंटा लाइन के कृष्णा पार्क से दीपाली चौक और मजलिस पार्क से आरके आश्रम मार्ग तक के हिस्से का निर्माण कार्य इस वर्ष के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है।

## पेपर लीक मामले में तीन आरोपियों को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले में तीन आरोपियों को सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने आरोपियों को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस हिरासत की अवधि खत्म होने के बाद आरोपियों को कोर्ट के सामने पेश किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने NEET-UG 2026 के री-टेस्ट को कंप्यूटर-आधारित टेस्ट (CBT) फॉर्मेट में कराने की मांग खारिज कर दी है। सोमवार को जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने NTA को यह निर्देश देने से इनकार कर दिया कि 21 जून को होने वाला री-एग्जाम पेन-एंड-पेपर की जगह CBT मोड में कराया जाए।

# सैदउलअजाइब में बचाव अभियान अंतिम चरण में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सैदउलअजाइब में इमारत ढहने के स्थल पर बचाव और मलबा हटाने का अभियान अंतिम चरण में है तथा आपातक. ालीन दल एहतियातन अब भी मौके पर तैनात हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने कहा कि जब तक क्षेत्र का ''एक-एक इंच'' साफ नहीं कर लिया जाता और यह सुनिश्चित नहीं हो जाता कि मलबे के नीचे कोई व्यक्ति फंसा नहीं है, तब तक दल मौके पर तैनात रहेंगे। पुलिस ने इमारत के मालिक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 105 (गैर इरादतन हत्या), 290 (इमारत गिराने, मरम्मत या निर्माण आदि के संबंध में लाप. रवाहीपूर्ण आचरण) और 125(ए) (दूसरों के जीवन या निजी सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कृत्य) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।पुलिस ने बताया कि इमारत के फरार मालिक का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के लिए कई पुलिस दल गठित किए गए हैं।




**दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के 'प्रोजेक्ट संगम' के तहत हुए कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।**

# दुष्कर्म मामले में उम्रकैद की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के निहाल विहार थाना क्षेत्र में नाबा. लिग से दुष्कर्म के गंभीर प्रकरण में पुलिस की त्वरित जांच और प्रभावी न्यायिक पैरवी के चलते दोषी को आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है, जबकि पीड़िता के लिए 16 लाख 50 हजार रुपये के मुआवजे को स्वीकृति प्रदान की गई है। पुलिस के अनुसार, 17 अप्रैल को नाबा. लिग पीड़िता अपने माता-पिता के साथ निहाल विहार थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि आरोपी, जो पहले उसी क्षेत्र में रहता था और परिवार के संपर्क में था, ने जुलाई में उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने कथित रूप से उसके भाई-बहनों को धन देकर घर से बाहर भेजा और वारदात को अंजाम दिया।

शिकायत के अनुसार, आरोपी ने घटना के बाद पीड़िता को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी और किसी को जानकारी देने पर उसकी छोटी बहन को नुकसान पहुंचाने की बात कही। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़िता गर्भवती हो गई और उसने पूरी घटना अपनी मां को बताई। इसके बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और बाल संरक्षण कानून के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए विशेष जांच दल का गठन किया गया। चिकित्सकीय परीक्षण के दौरान यह पुष्टि हुई कि पीड़िता 32 सप्ताह और चार दिन की गर्भवती थी। शिकायत दर्ज होने के उसी दिन पुलिस ने आरोपी को निहाल विहार क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

# मेगा हेल्थ कैम्प में फ्री चश्में व दवाइयां वितरित की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चंद्र नगर स्थित कम्युनिटी सेंटर में एक विशाल नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर तथा नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। यह जनहितकारी शिविर श्री श्री बाला जी सेवा ट्रस्ट की प्रमुख डॉ. नीतू बाला और फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आचार्य विक्रमादित्य जी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण करते हैं। शिविर में मधुमेह (शुगर), रक्तचाप (बी.पी.), नेत्र परीक्षण, कानों की जांच, फिजियोथेरेपी, कोलेस्ट्रॉल टेस्ट तथा अन्य सामान्य रोगों की जांच की गई। इस अवसर पर शार्प साइट आई हॉस्पिटल और मेट्रो हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीमों ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर एसएचओ अभिषेक सिंह (थाना जगतपुरी), राकेश सचदेवा (पार्षद एवं डिप्टी चेयरमैन, शाहदरा साउथ जोन, एमसीडी), गुरचरण सिंह राजू (दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल), एफएमएस इंफ्राटेक के सीएमडी साजिद अहमद, सर्वोस्टेप के सीएमडी मोहम्मद आलम, कांग्रेस प्रवक्ता अनुज अत्रे, डॉ. इकबाल अहमद, डॉ. अंजरुल हक, डॉ. कमरूल हक, डॉ. राज कुमार, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दीपक कंवर, ब्लॉक प्रेसिडेंट मनोज सरीन (बिल्ला), जावेद समानी (अध्यक्ष, आरडब्ल्यूए शास्त्री नगर एवं आराम पार्क), करण सिंह मेहरा, समाजसेवी अशोक निठारी तथा नूर मोहम्मद राजा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में डॉ. बिलाल अंसारी (मैनेजर, फेस ग्रुप), शबाना अजीम (कोषाध्यक्ष, फिक्की), दानिश अय्यूबी, उजमा अंसारी, नरेंद्र सिंह, जैनब अंसारी, मोहम्मद अफजल तथा ज्योति तिवारी की विशेष भूमिका रही।

# 'प्रोजेक्ट संगम' के तहत ट्रैफिक प्रबंधन को मिली गति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के 'प्रोजेक्ट संगम' के तहत समुदाय-आधारित ट्रैफिक प्रबंधन को गति मिली है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने पिछले पखवाड़े के दौरान 'प्रोजेक्ट संगम' के तहत 61 साम. ुदायिक बैठकें आयोजित कीं, जिनमें आरडब्लूए बाजार संघों, ऑटो और ई-रिक्शा यूनियनों, टैक्सी एग्रीगेटर्स और स्कूली छात्रों के साथ बातचीत की गई। इस दौरान कुल 104 जन शिकायतें और सुझाव प्राप्त हुए, जिनमें से 87 का समाधान ट्रैफिक पुलिस ने सीधे तौर पर सख्त कार्रवाई और जागरूकता अभियानों के माध्यम से किया, जबकि 16 मामलों को स्पीड ब्रेकर और अतिक्रमण जैसे मुद्दों के लिए पीडब्ल्यूडी और एमसीडी जैसी अन्य एजेंसियों को भेजा गया। दिल्ली की अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ट्रैफिक ( विजयांता गोयल आर्य ने बताया कि 61 बैठकों के दौरान आरडब्ल्यूए सदस्यों, व्यापारियों और ड्राइवरों सहित 700 से अधिक प्रतिभागियों को सीधे तौर पर जागरूक किया गया।

अभियानों के परिणामस्वरूप गलत दिशा में गाड़ी चलाने, ट्रिपल राइडिंग, मॉडिफाइड साइलेंसर और गलत पार्किंग के लिए हजारों चालान काटे गए।इस दौरान दिल्ली गेट, चावड़ी बाजार, पहाड़गंज, कश्मीरी गेट, झंडेवालान मंदिर, आईएसबीटी और टिकरी बॉर्डर सहित विभिन्न स्थानों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता के 15 अभियान चलाए गए, जिनमें पर्चों और वेरिएबल मैसेजिंग संकेतों का उपयोग किया गया। इसके अलावा करोल बाग, बुराड़ी, यमुना विहार, पपरावत और पटेल रोड पर ई-रिक्शा और टैक्सी चालकों में अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए 10 विशेष अभियान चलाए गए।

इस दौरान अधिकारियों ने कैप्टन गौर मार्ग, निलोठी-मीरा बाग रोड और अन्य स्थानों पर स्पीड ब्रेकर और यू-टर्न से संबंधित बुनियादी ढाँचे के 6 अनुरोधों पर पीडब्ल्यूडी के साथ समन्वय किय, साथ ही 5 बाजार क्षेत्रों में रेहड़ी-पटरी पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए एमसीडी के साथ भी समन्वय किया। प्रोजेक्ट संगम, सामुदायिक भागीदारी और त्वरित, दृश्यमान कार्रवाई के माध्यम से ट्रैफिक प्रबंधन को लगातार मजबूत कर रहा है।

## न्यू अशोक नगर में झपटमार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** न्यू अशोक नगर इलाके में चोरी के वाहन से झपटमारी करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान कोंडली निवासी रोहित उर्फ लाला के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद की है। आरोपित की गिरफ्तारी से स्नैचिंग और वाहन चोरी के कुल चार मामलों को सुलझाने का दावा किया है। पुलिस ने बताया कि न्यू अशोक नगर थाने में एक महिला ने झपटमारी की ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई थी। महिला ने बताया था कि वह न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन से घर लौट रही थी, तभी पीछे से मोटरसाइकिल पर आए एक बदमाश ने उसका मोबाइल फोन झपट लिया।



**स्पेशल यूनिट फॉर वूमेन एंड चाइल्ड द्वारा आयोजित आत्मरक्षा ग्रीष्मकालीन शिविर में भाग लेती महिलाएं एवं बच्चे।**

# आत्मरक्षा ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल यूनिट फॉर वूमेन एंड चाइल्ड की आत्मरक्षा शाखा ने दिल्ली में चार स्थानों पर लड़कियों और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के साथ 22 वें आत्मरक्षा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन कर रही है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (स्पेशल यूनिट फॉर वूमेन एंड चाइल्ड), नेहा यादव ने बताया कि सभी स्थानों पर मानसिक स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता, बाल अधिकार और पोक्सो अधिनियम पर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागियों को संवादात्मक सत्रों, संगीत और जिंगल्स के माध्यम से भावनात्मक भलाई, स्वस्थ जीवन शैली की आदतों, बाल संरक्षण, व्यक्तिगत सुरक्षा और रिपोर्टिंग तंत्र के बारे में जागरूक किया गया।दिल्ली पुलिस की विभिन्न महिला-सुरक्षा पहलों, हेल्पलाइन और सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रमों को प्रदर्शित करने के लिए एक स्थान पर एक श्जन संपर्क वाहनश भी तैनात किया गया था, जिससे प्रतिभागियों में उपलब्ध सहायता सेवाओं के बारे में जागरूकता पैदा हुई।

# डीएसएसएसबी में भर्ती को लेकर 16 जून से कर सकते हैं आवेदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (DSSSB) ने एक बड़ी भर्ती अधिसूचना जारी की है। इस भर्ती अभियान में कुल 1,979 पदों को भरा जाएगा, जिसमें जूनियर साइंटिफिक असिस्टेंट, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (कंप्यूटर साइंस), विशेष शिक्षक, तकनीकी सहायक, फिटर, लिफ्ट ऑपरेटर और विद्युत पर्यवेक्षक/उप निरीक्षक जैसे कई पद शामिल हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 16 जून से शुरू की जाएगी और इच्छुक उम्मीदवार कैठ की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। जूनियर साइंटिफिक असिस्टेंट: संबंधित विषय (जैसे बायोलॉजी, केमिस्ट्री, फिजिक्स आदि) में पोस्ट ग्रेजुएशन (M.Sc.) होना चाहिए। DSSSB भर्ती में अलग-अलग पदों के लिए अलग-अलग आयु सीमा तय की गई है। अधिकांश ग्रुप 'C' पदों जैसे JSA, फिटर और लिफ्ट ऑपरेटर के लिए उम्मीदवार की आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

वहीं ग्रुप 'B' पदों जैसे शिक्षक, तकनीकी सहायक और अभिलेखपाल के लिए अधिकतम आयु 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा कुछ विशेष पदों के लिए अलग आयु सीमा दी गई है, जैसे फिटर ग्रेड-II के लिए 20 से 32 वर्ष और लिफ्ट ऑपरेटर के लिए 18 से 37 वर्ष निर्धारित की गई है। उम्मीदवारों को आवेदन करने से पहले निर्धारित शुल्क ऑनलाइन माध्यम से जमा करना होगा, जिसें BI e-Pay के जरिए भुगतान किया जा सकता है। सामान्य और OBC (दिल्ली के बाहर के उम्मीदवारों) के लिए आवेदन शुल्क 100 रखा गया है। वहीं महिला उम्मीदवारों,SC, ST, दिव्यांग और पूर्व सैनिकों के लिए आवेदन शुल्क पूरी तरह मुफ्त (शून्य) रखा गया है।

# मलबे में लैपटॉप देख बचाव कर्मी हुए गमगीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सैदुल्लअजायब में शनिवार शाम इमारत ढहने के बाद शुरू हुआ राहत एवं बचाव अभियान रविवार देर रात तक जारी रहा।

मलबे से जैसे-जैसे घायलों और मृतकों को बाहर निकाला गया, परिजनों की चीख-पुकार और मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। रविवार दोपहर मलबे से 20 से अधिक छात्रों के लैपटॉप निकलने पर माहौल और भी गमगीन हो गया। बचाव अभियान के दौरान करीब 60 से अधिक ट्रकों में मलबा हटाया जा चुका है। शुरुआती चरण में जेस. ीबी मशीनों की मदद से सावधानीपूर्वक मलबा हटाया गया, लेकिन भारी कंक्रीट और लेंटर हटाने के लिए बाद में पो. कलेन मशीनें मंगानी पड़ीं। अभियान में 800 से अधिक पुलिसकर्मी, एनडीआरएफ, डीएफएस और सिविल डिफेंस के जवान जुटे रहे। जिस गली में इमारत स्थित थी, उसकी चौड़ाई मात्र 20 फीट है। मुख्य सड़क तक राहत वाहनों की पहुंच आसान रही, लेकिन इमारत तक भारी मशीनें पहुंचाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# सैदुल्लअजायब हादसे में लापरवाही को लेकर उठ रहे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली के सैदुल्लअजायब इलाके में साकेत मेट्रो स्टेशन के पास छह मंजिला इमारत ढहने के बाद दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की भूमिका फिर से सवालों के घेरे में है।13 अप्रैल 2026 को हुई सुनवाई के दौरान एमसीडी ने अदालत को बताया था कि संबंधित इमारत में किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं चल रहा है।

स्थानीय निवासियों का दावा है कि भवन में लगातार निर्माण और बदलाव का काम जारी था। अब इमारत के ढहने और लोगों की जान जाने के बाद निगम के उस दावे की सच्चाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सैदुल्लअजायब का मामला पहले भी अदालत तक पहुंच चुका था। सितंबर 2025 में इसी क्षेत्र में अवैध निर्माण को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने एमसीडी को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उस समय निगम ने अदालत को बताया था कि नोटिस और ध्वस्तीकरण आदेश जारी किए जा चुके हैं, लेकिन पुलिस सहायता और प्रशासनिक कारणों से कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी। अदालत ने तब अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी नाराजगी जताई थी और पूछा था कि उनकी निगरानी में अवैध निर्माण कैसे खड़े हो रहे हैं। हादसे वाली इमारत को लेकर भी कई सवाल सामने आ रहे हैं। राजधानी में जब भी किसी इमारत के गिरने या अवैध निर्माण से जुड़ा हादसा सामने आता है, कुछ दिनों तक विभागीय कार्रवाई, जांच और जवाबदेही की चर्चा होती है। संबंधित क्षेत्र के इंजी. नियरों पर कार्रवाई भी होती है, लेकिन समय बीतने के साथ मामला ठंडा पड़ जाता है और अवैध निर्माण का सिलसिला फिर जारी रहता है।

एमसीडी के बिल्डिंग विभाग की जिम्मेदारी निर्माण गतिविधियों की निगरानी, अवैध निर्माण की पहचान और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करना है। विभाग से जुड़े जानकारों का कहना है कि किसी भी इलाके में निर्माण शुरू होते ही इसकी जानकारी स्थानीय स्तर पर विभाग तक पहुंच जाती है। बेलदार, जूनियर इंजीनियर और अन्य कर्मचारी मौके का निरीक्षण भी करते हैं। इसके बावजूद कई मामलों में निर्माण कार्य बिना रोक-टोक जारी रहता है और पूरी इमारत खड़ी हो जाती है।

हादसों के बाद विभागीय अधिकारी अक्सर यह दलील देते हैं कि संबंधित भवन को रिकॉर्ड में 'बुक' किया गया था और नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि यदि निर्माण को अवैध माना गया था, तो उसे शुरुआती चरण में रोकने या ध्वस्त करने की प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हुई। यही वजह है कि हर हादसे के बाद केवल निचले स्तर के अधिकारियों पर कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठते हैं।

# कोचिंग माफिया के चंगुल में सुनहरे सपने लिए हजारों छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सैदुल्लअजायब , बेरसराय, कटवारिया सराय, जिया सराय और मुनिरका इलाकों में बड़ी संख्या में ऐसे भवन हैं जिनमें स्वीकृत क्षमता से अधिक मंजिलें, पीजी, कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी, कैफे और छात्र आवास एक साथ संचालित हो रहे हैं।इसके अलावा पश्चिम विहार,करोल बाग , मुखर्जी नगर और दिल्ली के कई बाहरी इलाकों में भी कमोबेश यही हाल है।

सैदुल्लअजायब की घटना कोई पहली नहीं है इससे पहले करोल बाग , मुखर्जी नगर में भी हृदय विदारक हादसे हो चुके हैं। हर बार हादसे के कुछ दिन तक प्रशासन एक्टिव नजर आता है। बड़े बड़े दावे किए जाते हैं लेकिन फिर वही ढाक के तीन पात। पीजी मालिकों, बिल्डर माफिया, का अपने फायदे के लिए अंडर टेबल गेम शुरू हो जाता है।

इन तमाम इलाकों में इलाके में अतिरिक्त मंजिलें जोड़ना आम बात हो गई है। किराये की बढ़ती मांग के कारण भवनों की मजबूती पर कम ध्यान दिया जाता है। कई आवासीय भवन अब व्यावसायिक गतिविधियों और छात्र आवास के मिश्रित केंद्र बन चुके हैं।

# होटल में चल रहा था जुए का अड्डा

## पुलिस ने 20 लोगों को किया गिरफ्तार, 1.62 लाख कैश और 22 मोबाइल बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में होटल के कमरे में हारजीत का जुआ खेल रहे 20 लोगों को सेक्टर-49 थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 62 हजार 250 रुपए नकद, 160 ताश के पत्ते, 7 दोपहिया वाहन, एक चार पहिया वाहन और 22 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस की छापे मारी के दौरान ये सभी जुआ खेल रहे थे।

एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि सेक्टर-51 सनराइज होटल में कमरा किराये पर लेकर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे। सूचना मिलने के बाद सेक्टर-49 थाना पुलिस ने छापेमारी कर सभी आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लोगों में नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, बुलंदशहर, बिहार, मध्यप्रदेश और झारखंड के रहने वाले लोग शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अपने-अपने वाहनों से होटल पहुंचे थे और आपसी सहमति से जुआ खेल रहे थे। होटल के कमरों का इस्तेमाल पिछले 10 दिनों से जुए के लिए किया जा रहा था। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि इस खेल में होटल प्रबंधन की कोई भूमिका थी या नहीं। हालांकि प्राथमिक जांच में सामने आया कि होटल प्रबंधक को इसकी जानकारी थी।

**इन लोगों की गिरफ्तारी:** गिरफ्तार आरोपियों में पुष्कर पोरवाल, अजमेरी खान, अमित, सचिन गुप्ता, मनोज कुमार, मोहम्मद शमीम, चंदन, कपिल शर्मा, राहुल, मोहम्मद जफरूल, पवन, मुकेश, शुभम, राकेश कुमार, विक्रम सिंह, गजेंद्र, पवन मुंडा, नदीम, नितिन और सूरज शामिल हैं।

# यमुना-गंगा के लिंक एक्सप्रेसवे से न्यू नोएडा को कनेक्टिविटी की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी से खुर्जा के बीच 80 गांव की जमीन पर प्रस्तावित दादरी-नोएडा-गाजियाबाद इनवेस्टमेंट रीजन (न्यू नोएडा) को यमुना और गंगा एक्सप्रेसवे के प्रस्तावित 72 किलोमीटर के लिंक एक्सप्रेसवे से जोड़ने की तैयारी है। न्यू नोएडा के विकासकर्ता नोएडा प्राधिकरण ने इसको लेकर मंथन शुरू कर दिया है। प्राधिकरण उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) को पत्र लिखकर न्यू नोएडा क्षेत्र में लिंक एक्सप्रेसवे से ट्रैफिक उतरने के लिए कट और चढ़ने के लिए रैंप बनवाने की मांग करेगा। इस लिंक एक्सप्रेसवे से जुड़ने के साथ न्यू नोएडा की एक्सप्रेस कनेक्टिविटी जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, गंगा एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे के साथ ही आगे आगरा-लखनऊ व नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से भी हो जाएगी।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि न्यू नोएडा का क्षेत्र जीटी रोड और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से जुड़ा हुआ है। सिकंदराबाद क्षेत्र में इंटरचेंज बना हुआ है। लेकिन जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सीधी कनेक्टिविटी नहीं थी। इस बीच यमुना और गंगा एक्सप्रेसवे के बीच लिंक एक्सप्रेसवे प्रस्तावित हुआ है। यह एक्सप्रेसवे बुलंदशहर के स्याना क्षेत्र से शुरू होकर यमुना एक्सप्रेसवे पर 24.8 किलोमीटर की दूरी पर सेक्टर-21 फिल्म सिटी के पास जुड़ेगा। नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि लिंक एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी के लिए जल्द अगली बैठक होगी।

**मौजूद सड़कों के किनारे सेक्टर का विकास शुरू होगा :** प्राधिकरण के ओएसडी क्रांति शेखर सिंह ने बताया कि न्यू नोएडा के लिए यह योजना बनाई गई है कि क्षेत्र में जो प्रमुख और चौड़ी सड़कें पहले से मौजूद हैं और मास्टर प्लान में शामिल हैं उनके किनारे विकास शुरू किया जाए। यहां पर सेक्टर के नियोजन की शुरुआत होगी। ऐसी प्रमुख सड़कों और उनके किनारे की जमीन चिन्हित की गई है। फिर आगे नई सड़कों का निर्माण शुरू करवाया जाएगा। ओएसडी ने स्पष्ट किया कि जमीन किसानों से समझौते के आधार पर जी जाएगी। यमुना प्राधिकरण के बराबर मुआवजा 4300 रुपये प्रति वर्ग मीटर तय किया गया है।

### पिछले साल के मई से इस बार अधिक वायु प्रदूषण

**नोएडा।** पिछले साल के मुक.ाबले इस मई में अधिक वायु प्रदूषण दर्ज किया गया। खासकर ग्रेटर नोएडा की हवा ज्यादा प्रदूषित रही। पीएम 10 का स्तर पीएम 2.5 के मुकाबले अधिक रहा। पिछले साल मई महीने में ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई एक दिन भी बेहद खराब श्रेणी में नहीं थी। इस बार मई महीने में बेहद खराब श्रेणी में शहर की हवा पांच दिन बेहद खराब रही। वहीं, पिछले साल एक दिन खराब श्रेणी में एक्यूआई था, लेकिन इस बार नौ दिन इस श्रेणी में हवा दर्ज की गई।पिछले साल नोएडा में महज तीन दिन ही एक्यूआई खराब श्रेणी में रही थी।

इस बार नौ दिन एक्यूआई 200 के पार दर्ज किया गया। हालांकि, 2024 का मई महीना इस बार से अधिक वायु प्रदूषित रहा था।

# जनगणना काम में लापरवाही पर बड़ा एक्शन

**दो कर्मचारी निलंबित पांच संविदाकर्मियों को बर्खास्त करने की तैयारी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनगणना-2027 के कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर नोएडा प्राधिकरण ने सख्त एक्शन शुरू कर दिया है। लगातार धीमी प्रगति और कर्मचारियों की उदासीनता को देखते हुए दो नियमित कर्मचारियों को निलंबित करने व पांच संविदाकर्मियों की सेवाएं समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही अन्य विभागों के उन कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी है, जिन्होंने अब तक जनगणना कार्य शुरू नहीं किया है।

प्राधिकरण के अनुसार जनगणना-2027 का कार्य प्रगति पर है। कुल 2284 एचएलबी में से 1172 एचएलबी पर कार्य चल रहा है, जबकि 16 एचएलबी का काम पूरा किया जा चुका है। वहीं 1096 एचएलबी पर अब तक काम शुरू ही नहीं हो सका है। अभी तक केवल 52 प्रतिशत एचएलबी ही लाइव हो पाए हैं।

प्राधिकरण का कहना है कि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में कई कर्मचारी रुचि नहीं ले रहे हैं। इसके अलावा ड्यूटी कटवाने और बदलवाने के प्रयास भी लगातार किए जा रहे हैं, जिससे काम प्रभावित हो रहा है। इसी को देखते हुए नियमित कर्मचारी श्वेता तलवार और पिंकी मावी को निलंबित करने की कार्रवाई शुरू की गई है। वहीं संविदाकर्मी नीरज, ईश्वर तोमर, महबूब अली, राजेश शर्मा और धर्मेंद्र सिंह की सेवाएं समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**दर्ज कराई जा रही एफआईआर:** प्राधिकरण ने साफ किया है कि जनगणना कार्य में लापरवाही करने वाले अन्य कर्मचारियों के खिलाफ भी सख्त एक्शन लिया जाएगा। जिन विभागों के कर्मचारी अब तक कार्य शुरू नहीं कर पाए हैं, उनके संबंधित विभागों को भी कार्रवाई के लिए पत्र भेजे जा रहे हैं।

इसके अलावा जनगणना अधिनियम-1948 की धारा-5 और धारा-11 के तहत संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

## एक नजर

### एआरटीओ प्रशासन नंद कुमार ही रहेंगे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** गौतमबुद्ध नगर के एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार ही रहेंगे। उनके पास प्रवर्तन के साथ प्रशासन के इस पद का अतिरिक्त प्रभार रहेगा। गाजियाबाद सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वितीय दल मनोज कुमार मिश्रा को गौतमबुद्ध नगर का एआरटीओ प्रशासन बनाए जाने के आदेश को शासन द्वारा निरस्त कर दिया गया है। हालांकि, उन्होंने इस पद पर गाजियाबाद से ही ज्वाइन कर लिया था और सोमवार से कामकाज शुरू करना था। नए आदेश के मुता.बिक उन्हें सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अमरोहा के पद पर स्थानांतरित किया गया है। आरटीओ प्रशासन गाजियाबाद प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि आधा दर्जन से अधिक एआरटीओ के स्थानांतरण शासन द्वारा निरस्त करते हुए अन्य जिलों में उनके तबादले किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मनोज कुमार मिश्रा ने भले ही ज्वाइन कर लिया था लेकिन 31 मई तक इसमें परिवर्तन किया जा सकता था। अधिकारियों को इसमें किसी तरह की भ्रम की स्थिति नहीं होनी चाहिए।

### श्रेयस की ऑल इंडिया 119वीं रैंक

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की रॉयल नेस्ट सोसाइटी के रहने वाले श्रेयस मिश्रा ने जेईई एडवांस में ऑल इंडिया 119वीं रैंक हासिल की है। जेईई मेन के दूसरे सत्र में उन्हें ऑल इंडिया 23वीं रैंक मिली थी। वहीं पहले सत्र में 100 परसेंटाइल लाकर दिल्ली स्टेट में टॉप किया था। श्रेयस ने बताया कि वह आईआईटी दिल्ली से सीएस में बीटेक करेंगे। 12वीं में उनके 98.6 प्रतिशत अंक आए हैं। वहीं स्पर्श इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा के विद्यार्थियों ने भी जेईई एडवांस में सफलता हासिल की है। आलोक यादव (सीआरएल 398), आयुष कुमार (सीआरएल 2893) और आर्यन सिकरवार (सीआरएल 13345) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### ऑटो चालक का शव नाले में मिला

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो वेस्ट में रविवार की रात ऑटो चालक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव सोमवार की सुबह नाले में पड़ा मिला, जबकि ऑटो नाले के समीप क्षतिग्रस्त हालत में था। पुलिस का कहना है कि हादसे में चालक की मौत हुई। पुलिस के मुता.बिक मूलरूप से एटा का रहने वाला 22 वर्षीय प्रदीप देवला गांव में किराये के मकान में रहता था। वह ग्रेनो वेस्ट में ऑटो चलाता था। किसी अज्ञात वाहन ने रविवार की रात प्रदीप के ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे के बाद ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि चालक प्रदीप नाले में जा गिरा। हादसे में उसकी मौत हो गई। राहगीरों ने सोमवार की सुबह नाले में शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि परिजनों की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज देख रही है। अज्ञात वाहन और चालक का पता लगाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### नोएडा पुश्ता रोड की रिसर्फेसिंग 34 करोड़ का है प्रोजेक्ट

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-94 से 135 तक 11.20 किमी के यमुना पुश्ता रोड की रिसर्फेसिंग व साफ-सफाई के लिए नोएडा प्राधिकरण ने 34.18 करोड़ रुपये के बजट की स्वीकृति दे दी है। इसमें से 11 करोड़ रुपए प्राधिकरण ने सिचाई विभाग को दे दिए है।

उम्मीद है कि इसी महीने पुश्ता पर काम शुरू कर दिया जाएगा। ये चार लेन की रोड है। जिसके रिसर्फेसिंग से वाहन चालकों को काफी फायदा होगा। चार लेन की यह पुश्ता रोड साल 2014 बनी थी। इसके बाद से मरम्मत नहीं हुई है, जिसके चलते पूरी सड़क उखड़ चुकी है। बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और झाड़ियां खड़ी हुई हैं। प्राधिकरण के एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि बताया कि पहले सड़क की सफाई करवाई जाएगी। फिर हुए गहरे गड्ढों को भरवाकर सड़क की नई परत बिछाई जाएगी। तीन महीने में काम पूरा कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए पहले फेज में 11 करोड़ रुपए दिए गए है। बाकी पैसा फेज वाइज दिया जाएगा।

# नोएडा एयरपोर्ट से 120 मीटर चौड़ी सड़क जुड़ेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अब एक और नई सड़क को जोड़ने की तैयारी है। यह 120 मीटर चौड़ी सड़क होगी, जिसे एयरपोर्ट से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सड़क सलारपुर अंडरपास से सेक्टर-22ई तक करीब आठ किलोमीटर तक बनी है, जबकि दो किलोमीटर का हिस्सा वर्तमान में निमार्णाधीन है। अब इसे पांच किलोमीटर और आगे बढ़ाकर एयरपोर्ट के इंटरचेंज के पास फलैदा कट से जोड़ा जाएगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारी ने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे के दाहिनी तरफ 15.10 किलोमीटर लंबी और 120 मीटर चौड़ी सड़क को पूरा करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इसके लिए तकीपुर बांगर समेत कई गांवों के किसानों से जमीन खरीद की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह एक्सप्रेसवे के दाहिनी तरफ पड़ने वाले 13 से ज्यादा सेक्टर की मुख्य सड़क होगी।

यह सड़क पूरी होने के बाद यीडा के सेक्टर-24, 24ए, 25, 22ए, 22बी, 22सी, 22डी, 22ई, 22एफ, 23ए, 23बी, 23सी, 23डी, 23ई समेत अन्य सेक्टरों को आपस में जोड़ेगी। इनमें आवासीय, संस्थागत और मिक्स लैंड सभी प्रकार के सेक्टर शामिल है।

### जनगणना ड्यूटी पर जा रहे शिक्षक की सड़क हादसे में मौत

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर थाना क्षेत्र के चांगोली मोड़ के पास जनगणना ड्यूटी पर जा रहे शिक्षक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शरकपुर के बालकिशन खुर्जा क्षेत्र के हसनपुर लडुकी गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। सोमवार को घर से बाइक पर सवार होकर ड्यूटी के लिए निकले थे, लेकिन चांगोली मोड़ के पास हादसे का शिकार हो गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें टक्कर मारने के बाद चालक गाड़ी के साथ भाग गया।

# पुलिस ने दो शातिर चोर को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-142 पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के दो लैपटॉप, दो मोबाइल फोन तथा चोरी के सामान की बिक्री से प्राप्त 2,500 रुपए नकद बरामद किए हैं। यह कार्रवाई स्थानीय खुफिया सूचना और गोप.नीय जानकारी के आधार पर की गई।

पुलिस के अनुसार, 31 मई को थाना सेक्टर-142 पुलिस टीम ने एफएनजी सर्विस मार्ग पर मेट्रो लाइन के पास से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरो.पियों की पहचान पुष्पेंद्र साहू उर्फ अतुल कुमार और अभय उर्फ अक्की के रूप में हुई है। दोनों लंबे समय से क्षेत्र में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस के मुताबिक, 27 मई 2026 को दोनों ने ग्राम शाहदरा स्थित एक मकान से मोबा.इल फोन चोरी किया था। इसके अलावा 12 मई 2026 को केशव आईटी पार्क के सामने खड़ी एक कार का शीशा तोड़कर उसमें रखा लैपटॉप और मोबाइल फोन चुरा लिया था। वहीं 21 अप्रैल को शांति निकेतन अपार्टमेंट के पास खड़ी एक कार का शीशा तोड़कर उसमें रखा लैपटॉप चोरी कर लिया गया था। इन सभी मामलों में थाना सेक्टर-142 में मुकदमे दर्ज किए गए थे और पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में स्थित मकानों की पहले रेकी करते थे। इसके बाद खुली खिड़कियों वाले घरों को निशाना बनाते थे। साथ ही सुनसान स्थानों पर खड़ी कारों के शीशे तोड़कर उनमें रखे लैपटॉप, मोबाइल फोन और अन्य कीमती सामान चोरी कर लेते थे। चोरी किए गए सामान को बाद में सस्ते दामों में बेचकर प्राप्त रकम आपस में बांट लेते थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों में पुष्पेंद्र साहू उर्फ अतुल कुमार मूल रूप से मध्यप्रदेश के दमोह जिले का निवासी है, जबकि अभय उर्फ अक्की बुलंदशहर का रहने वाला है। दोनों वर्तमान में ग्राम शाहदरा, सेक्टर-142 क्षेत्र में रह रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ दर्ज मुकदमों में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# न कटेगा कलावा, न उतरेगा मंगलसूत्र... तीन दिन तक चलेगी यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आठ, नौ और 10 जून को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा में 42048 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए जिले में 20 केंद्र बनाए गए हैं। नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा के लिए बायोमीट्रिक सत्यापन, फेस मिलान और लाइव सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। वहीं परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की जांच के दौरान कलावा और मंगलसूत्र नहीं उतरवाए जाएंगे।

परीक्षा रोजाना दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक होगी। अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से पहले केंद्रों पर पहुंचना होगा, ताकि जांच और सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अक्सर परीक्षाओं में कड़े सुरक्षा नियमों के नाम पर कलावा काटने या मंगलसूत्र उतरवाने की तस्वीरें सामने आती हैं, जिससे अभ्यर्थियों को मानसिक तनाव से गुजरना पड़ता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। भर्ती बोर्ड ने साफ किया है कि परीक्षा केंद्रों पर कलावा या मंगलसूत्र जैसे धार्मिक प्रतीकों को पहनने पर कोई पाबंदी नहीं होगी और चेकिंग के दौरान इन्हें जबरन हटवाया नहीं जाएगा।

हालांकि बोर्ड ने साफ किया है कि परीक्षा केंद्र में धार्मिक आस्था को सम्मान देने के साथ ही बोर्ड ने परीक्षा की शुचिता और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस बार नकल माफियाओं पर लगाम लगाने के लिए सुरक्षा एजेंसियां और भी हाईटेक तरीके से काम करेंगी।

बोर्ड ने निर्देश दिए हैं कि स्मार्ट मेटा चश्मे, इलेक्ट्रॉनिक पेन और अन्य छिपे हुए स्मार्ट गैजेट्स पर कड़ी निगरानी रखी जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा ड्यूटी में तैनात कर्मचारी और शिक्षक भी केंद्र के भीतर अपना मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे। सुरक्षा को देखते हुए एग्जाम सेंटर पर सीसीटीवी की नजरें लगी रहेंगी।

# मानसून से पहले नालों व सीवर लाइनों की सफाई कराई जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मानसून से पहले नालों के साथ-साथ सीवर लाइनों की सफाई भी कराई जाए। सफाई नहीं होने के कारण शहर के मुख्य सेक्टरों में बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति खराब हो जाती है। इसको लेकर सोमवार को कोनरवा की तरफ से प्राधिकरण के अधिकारियों को ज्ञापन देकर मांग की गई। कोनरवा नोएडा चौप्टर के अध्यक्ष पीएस जैन ने बताया कि प्राधिकरण के सीईओ को दिए पत्र में कहा गया है कि शहर में मानसून से पहले हुई बारिश के दौरान विभिन्न जगह जलभराव हो गया। खास बात यह है कि अभी तक सफाई का काम शुरू तक नहीं किया गया है।

यही नहीं टेंडर प्रक्रिया भी अधूरी है। हर साल प्राधिकरण द्वारा यह दावा किया जाता है कि मानसून से पहले शहर के सभी नालों की मशीनों द्वारा समुचित सफाई कर ली जाएगी तथा जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त कर दिया जाएगा।कोनरवा नोएडा चौप्टर के महासचिव राजीव गर्ग ने बताया कि सफाई के कामों के लिए सुव्यवस्थित रोस्टर तैयार कर समयबद्ध तरीके से उसका अनुपालन किया जाए तो नाले-नालियों की सफाई में होने वाली देरी को रोका जा सकता है। ठीक ढंग से सफाई नहीं होने के कारण सेक्टर-11, 12, 18, 19, 20, 22, 26, 27, 28, 33, 34, 36, 37, 55, 57, 62, 63, 65, 66, 67 तथा 125 सहित कई जगह अधिक जलभराव होता है।

# सीबीएसई कार्यालय पहुंचे शिक्षक अभिभावक भी हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से लागू किए गए तीन भाषाई फॉर्मूले को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इधर, नए नियमों के चलते कई स्कूलों ने विदेशी भाषा के शिक्षकों को समायोजित करना भी शुरू कर दिया है। सोमवार को नीतियों और विद्यार्थियों के शैक्षिक विकल्पों से जुड़े मुद्दों पर जिले के शिक्षक और अभिभावक द्वारका स्थित सीबीएसई मुख्यालय पहुंचे। शिक्षकों ने इस दौरान नियमों में बदलाव की मांग की।

नई व्यवस्था के अनुसार, नौवीं के विद्यार्थियों को तीन भाषाएं पढ़नी होंगी, इनमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं जरूरी हैं। ऐसे में अब तक अंग्रेजी के साथ विदेशी भाषाएं पढ़ रहे विद्यार्थियों को नई परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीबीएसई के निर्देशों के बाद कई स्कूलों में विदेशी भाषाओं की जगह संस्कृत या अन्य भारतीय भाषाएं शामिल की जा रहीं हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यह विद्यार्थियों के भविष्य और उनकी शैक्षिक पसंद से जुड़े विषयों का सवाल है। प्रतिभागियों ने सीबीएसई के अधिकारियों को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। नोएडा से शामिल हुए शिक्षकों ने बताया कि हमारे साथ बड़ी संख्या में अभिभावक भी शामिल हुए।

# स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए बनेंगी दुकानें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर प्रशासन स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर दुकानें उपलब्ध कराने की पहल कर रहा है। प्रशासन बस स्टैंड, सरकारी परिसरों और मेलों में आउटलेट खोलने की तैयारी में है। जिससे महिला उद्यमियों और स्थानीय कारीगरों की ओर से तैयार उत्पादों को सीधे बाजार तक पहुंचाया जा सके।

जिले में करीब 1,500 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं जो अचार, पापड़, साबुन, मसाले समेत अन्य उत्पाद तैयार करते हैं। इन उत्पादों को उचित बाजार दिलाने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रशासन ने यह कदम उठाया है। हाल ही में दादरी के बढ़पुरा गांव के एक समूह ने अचार बेचने के लिए नोएडा रोडवेज बस स्टैंड पर दुकान उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में जिला विकास अधिकारी ने नोएडा डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र भेजा है।

जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश ने बताया कि विकास भवन में पहले से ही दुकान लगाई गई है जहां विभिन्न समूहों के उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। इसके अलावा ऐसे स्थानों की पहचान की जा रही है, जहां लोगों की आवा.जाही अधिक रहती है, ताकि बिक्री को बढ़ावा मिल सके।

# सोसायटी के बाथरूम में गिरा प्लास्टर

## वॉशबेसिन टूटा, मेंटेनेंस पर सवाल, प्राधिकरण से शिकायतें अनसुनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जीटा एक सेक्टर स्थित एवीजे हाइट्स सोसायटी में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सोसायटी के फ्लैट नंबर आई-108 के बाथरूम में छत का प्लास्टर टूटकर गिर गया। इस घटना में वॉशबेसिन और अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया।



यह घटना उस समय हुई जब फ्लैट में रहने वाला परिवार बाहर गया हुआ था। यदि घटना के समय बाथरूम में कोई सदस्य मौजूद होता, तो वह गंभीर रूप से घायल हो सकता था। सोसायटी में रखरखाव की खराब स्थिति को लेकर निवासी चिंतित हैं।

फ्लैट नंबर आई-108 में आरके शाही अपने परिवार के साथ रहते हैं। रविवार को वे दिल्ली में एक कार्यक्रम में गए थे। घर लौटने पर जब उन्होंने बाथरूम की स्थिति देखी तो हैरान रह गए। शाही के अनुसार, उनके फ्लैट के ऊपर स्थित 208 नंबर के फ्लैट के बाथरूम में लंबे समय से सीलन है।आरके शाही ने बताया कि इस संबंध में कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि वे नियमित रूप से मेंटेनेंस चार्ज का भुगतान करते हैं, लेकिन सोसायटी में रखरखाव का कोई काम नहीं होता। अब उन्हें डर है कि प्लास्टर का कोई और हिस्सा भी गिर सकता है।निवासियों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और आईआरपी से लगातार शिकायतें की हैं, लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ है। आरके शाही ने मांग की है कि क्षतिग्रस्त प्लास्टर को तुरंत ठीक कराया जाए और सोसायटी के रखरखाव पर ध्यान दिया जाए।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

